सं प्रशा /1025/ हि.क./ हि.पखवाड़ा / 2017

र. ले. प्र. नि. (म. क), लखनऊ

**दिनांक 16 अगस्त, 2017**

आवश्यक परिपत्र

विषयः हिंदी दिवस / हिंदी पखवाड़े का आयोजनः वर्ष 2017

.........

भारत सरकार, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय (वित्त) एवं महानियंत्रक कार्यालय, दिल्ली छावनी के दिशा-निर्देशों के अन्तर्गत कार्यालय में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु दिनांक 01 सितम्बर 2017 से 14 सितम्बर 2017 की अवधि में हिन्दी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान मुख्य कार्यालय में निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा एवं मुख्य समारोह का आयोजन / पुरस्कार वितरण दिनांक 14.09.2017 को किया जायेगा।

| क्रम | प्रतियोगिता का नाम | आयोजन की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | निबंध लेखन प्रतियोगिता | 01.09.2017 (अपराह्न 3.00 बजे) |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2016-17 में लिखी गई श्रेष्ठ कार्यालय टिप्पणियाँ | 31.08.2017 |
| 3 | टिप्पण - प्रारूपण प्रतियोगिता | 04.09.2017 (अपराह्न 3.00 बजे) |
| 4 | अँग्रेजी के प्रशासनिक वाक्यांशों / शब्दों का हिन्दी अनुवाद | 05.09.2017 (अपराह्न 3.00 बजे) |

नोटः क्रम सं. 02 पर की प्रतियोगिता के लिए, कार्मिक अपने द्वारा लिखी कार्यालय टिप्पणी की, स्वयं द्वारा सत्यापित, छाया प्रति मुख्य कार्यालय, लखनऊ के हिन्दी कक्ष को दिनांक 31.08.2017 तक प्रेषित कर सकते हैं।

**कोई भी अधिकारी /कर्मचारी उपरोक्त में से किन्ही तीन प्रतियोगिताओं में ही सम्मिलित हो सकता है।**

प्रत्येक प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रथम पुरस्कार रू 1200/-, द्वितीय रू 1100/- एवं तृतीय रू 1000/- निर्धारित किया गया है। ये पुरस्कार नगद धनराशि के रूप में दिए जाएंगे।

मुख्य कार्यालय एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के अधिकारी / कर्मचारी उपरोक्त प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकते हैं। कोई भी अधिकारी / कर्मचारी उपर्युक्त प्रतियोगितों में से किन्हीं 03 प्रतियोगिताओं में ही भाग ले सकेगा तथा किसी प्रतियोगिता के किसी भी श्रेणी (प्रथम,द्वितीय,तृतीय) में विजयी प्रतिभागियों द्वारा समान अंक प्राप्त करने की स्थिति में उस श्रेणी की पुरस्कार राशि संबंधित विजेताओं में बराबर-बराबर विभाजित कर दी जाएगी। पुरस्कार हेतु गठित निर्णायक समिति का निर्णय अन्तिम व सर्वमान्य होगा। सामान्यतः सभी प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ में आयोजित की जायेंगी परंतु विशेष परिस्थिति में प्रतियोगिता स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों एवं लखनऊ स्थित सभी अधीनस्थ कार्यालयों के प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अधिक से अधिक प्रतिभागियों के नामों की सूची हिन्दी कक्ष में दिनांक **31.08.2017** तक अवश्य भिजवा दें।

यह भी अनुरोध है कि इस दौरान कार्यालय का सारा कार्य स्वयं हिन्दी में निष्पादित करें और अधीनस्थ कर्मचारियों से भी करवाएं।

इससे जुड़ी किसी अन्य जानकारी हेतु मुख्य कार्यालय के हिंदी अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

(हस्ताक्षर)

वरिष्ठ लेखा अधिकारी (हिंदी कक्ष)

राजा/पखवाड़ा/हिंदी पखवाड़ा 2016-17

कृ.पृ.प.

सेवा में

1. समस्त वर्गाधिकारी।
2. समस्त वरिष्ठ लेखा अधिकारी / लेखा अधिकारी।
3. प्रभारी अधिकारी, मुख्य कार्यालय के समस्त अनुभाग।
4. क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र तथा अधीनस्थ कार्यालय, लखनऊ।
5. एकीकृत वित्तीय सलाहकार (म.क.) लखनऊ।
6. स्वचलन कक्ष........कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।